जुलाई में आएगा सुधार का सामान, तब तक क्षेत्र में अंधेरा

# 10 लाख हर माह लेने बाद भी 1348 एलइडी खराब

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| शहर में कुल कुल एलइडी - **13948** | शहर में कुल बंद एलइडी - **1348** | इनके सुधार के लिए कुल कर्मचारी - **10** | रखरखाव पर व्यय- **10.43** लाख | एक वर्ष में निगम देता **125.64** लाख |

पत्रिका डेटा डीकोडेड

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर में 2018 में 13948 एलईडी लाइट शहर के पोल पर नगर निगम ने लगाई। नोएडा की जिस ऐजेंसी से इसको लगवाया था उसमे शर्त यह थी की सात साल तक निगम हर माह 10.43 लाख रुपए देकर रखरखाव करवाएगा। निगम अपने हिस्से के रुपए तो हर माह दे रहा है, लेकिन इन एलईडी को लगाने वाली ऐजेंसी रखरखाव करवाने में असफल रही। खामियाजा करीब 1348 एलईडी खराब होने पर उठा रहा है। हैरानी की बात की 1300 से अधिक एलईडी के सुधार के लिए कंपनी ने एक कर्मचारी रखा हुआ है।



सैलाना ओवरब्रिज पर इस तरह आधी लाइटें बंद है।

15-6-21

नगर निगम ने शहर को बेहतर रोशनी देने के लिए पूर्व की लगे हुए हेलोजन को हटाकर अधिक रोशनी देने वाली एलईडी लाइट लगाने की योजना वर्ष 2018 में मंजूर करके नोएडा की कंपनी ईईएसएल प्रालि कंपनी को सौंपी। कंपनी को शहर के 13948 पोल पर एक एक एलईडी लगाना थी। इसके साथ साथ रखरखाव करना था। अब स्थिति यह है कि शहर में अधिकांश क्षेत्र में यह खराब होकर बंद हो गई है व जिस कंपनी ने इस कार्य को लिया, उसने इनका रखरखाव करना ही बंद कर दिया है। इससे परेशानी यह हो रही है कि शाम के समय अंधेरा होते ही प्रतापनगर ब्रिज हो या सैलाना रोड का चेतक ब्रिज यहां पर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इतना ही नहीं, कॉलोनियों में अंधेरा रहने से महिलाओं सहित वृद्ध को अधिक परेशानी होती है। एलईडी के जो ड्रायवर होते है, वो ही शहर में अधिकांश खराब पड़े हुए है। इनका सामान नोएडा से नहीं आ पाया है व अब और जुलाई तक इंतजार करना होगा।

## इनकी जवाबदेही

कंपनी ने एलईडी के रखरखाव के लिए अपना एक कर्मचारी एहसान अली को नियुक्त किया है। इनको मोबाइल नंबर 9893536810 नंबर पर वाट्सएप करके बंद पड़ी एलईडी के बारे में सूचना दी जाती है।

## जल्दी आएगा सामान

कोरोना की वजह से सारी गतिविधि बंद थी। इसके चलते जो एलईडी बंद हुई है उनको रखरखाव करने का सामान नहीं आ पाया है। 10 जुलाई तक कंपनी से सामान आएगा, इसके बाद रखरखाव शुरू होगा। 13948 हजार एलईडी के रखरखाव के लिए कुल 10 कर्मचारी रखें हुए है। हमको 10.43 लाख रुपए प्रतिमाह रखरखाव के लिए नगर निगम देता है।

**- एहसान अली**, प्रभारी ईईएसएल प्रालि कंपनी

## निर्देश दिए है

शहर में एलईडी के खराब होने की सूचना है। इस मामले में संबंधीत कंपनी के स्थानीय प्रतिनिधि को जल्दी रखरखाव करने के बारे में निर्देश दिए गए है। - **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

---

दिनभर नाले से अलग की पेयजल लाइन

# बाजार में मिलेगा साफ पेयजल, 22 हजार लोगों को होगा लाभ

**रतलाम.** शहर के घांसबाजार व चौमुखीपुल क्षेत्र में नगर निगम के स्वास्थ्य विभाग ने बड़े नाले की खुदाई करके गंदे पानी की निकासी के लिए बड़े पाइप डाले है। सोमवार को सुबह 8 बजे से शाम 7 बजे तक चले काम से अब बड़ा लाभ यह होगा की नालों का गंदा पानी पेयजल की पाइप लाइन में नहीं मिलेगा। इस काम से बाजार क्षेत्र के करीब 22 हजार लोगों को साफ पेयजल हर समय मिलेगा।

असल में घांस बाजार व चौमुखीपुल क्षेत्र में बड़ा नाला जमीन के अंदर बहता है। पेयजल की पाइप लाइन टूटती है तो गंदा लाइन के सहारे पेयजल के साथ मिलकर वितरीत होता है। नालों की सफाई के दौरान निगम के स्वास्थ्य निरीक्षक एपीसिंह ने सुझाव दिया की पेयजल की पाइप लाइन है वहां पर नालों के पानी की निकासी अलग बड़ी पाइप डालकर की जाए। इससे पेयजल की लाइन टूटी भी तो गंदा पानी उसमे नहीं मिलेगा।

## इन क्षेत्र में होगा लाभ

पत्रिका

घांस बाजार व चौमुखीपुल क्षेत्र के गंदे नालों के पानी को पाइप लाइन में लेने के बाद बड़ा लाभ कई क्षेत्र में मिलेगा। माणकचौक, डालूमोदी बाजार, घांस बाजार, नौलाईपुरा, धनजीबाई का नोहरा, धानमंडी, रंगरेज रोड, चौमुखीपुल, चांदनीचौक, बोहरा बाखल, लक्कड़पीठा, तोपखाना सहित अन्य क्षेत्र के करीब 22 हजार लोगों तक शुद्ध पेयजल मिलेगा।

फिलहाल चौमुखीपुल व घांसबाजार में बड़े नालों के गंदे पानी की निकासी के लिए पाइप लाइन डालकर पेयजल लाइन से इनको अलग किया गया है। मंगलवार सुबह क्षेत्र में सुबह 6 बजे पेयजल का वितरण होगा। इसकी समीक्षा की जाएगी, यह सफल होने पर इसको पूरे शहर में लागू करने का प्रस्ताव है।- **सोमनाथ झारिया**, आयुक्त

15-6-21

पत्रिका
15-6-2021

# हर माह एक लाख युवाओं को रोजगार

## सरकार की तैयारी ● मुख्यमंत्री चौहान ने मंत्रियों के साथ छह घंटे किया मंथन

भोपाल (नईदुनिया स्टेट ब्यूरो)। कोरोना संक्रमण नियंत्रित होने बाद मध्य प्रदेश सरकार का पूरा ध्यान रोजगार और अर्थव्यवस्था को गति देने पर है। इसके लिए कई कदम उठाए जाएंगे। प्रदेश में प्रतिमाह एक लाख युवाओं को रोजगार देने की कार्ययोजना तैयार की जाएगी। इसमें सरकारी नौकरियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र में भी रोजगार के अवसर दिलाने की कोशिश होगी। अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए वैकल्पिक आय के स्रोत चिह्नित किए जाएंगे। इसके लिए मंत्री समूह का गठन किया जाएगा। एक से तीन जुलाई तक टीकाकरण महाअभियान चलाया जाएगा।

यह बातें मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सीहोर के करीब रिजार्ट में अनौपचारिक बैठक में कही। इस दौरान विभिन्न मुद्दों पर करीब छह घंटे मंथन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा नौकरियों के लिए सभी क्षेत्रों में संभावनाएं तलाशी जाएं। ऐसे पाठ्यक्रम तैयार करें, जो युवाओं को रोजगार दिला सकें। पशुपालन, डेयरी विकास, लोहारी, उद्यानिकी के साथ लघु एवं कुटीर उद्योगों से संबंधित प्रशिक्षण दिए जाएं। कोरोना संकट के कारण प्रदेश की अर्थव्यवस्था भी प्रभावित हुई है। दो माह में राजस्व काफी कम आया है, लेकिन गतिविधियों को बंद नहीं किया जा सकता है। जनकल्याणकारी योजनाओं का क्रियान्वयन करते रहना है। इसके लिए अतिरिक्त वित्तीय संसाधन जुटाने होंगे।

### बनाई रणनीति

- रोजगार और अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए उठाए जाएंगे कदम
- एक से तीन जुलाई तक टीकाकरण को लेकर चलेगा महाअभियान
- पशुपालन, डेयरी, लघु व कुटीर उद्योगों से संबंधित प्रशिक्षण देंगे
- नई शिक्षा नीति के प्रविधानों को लागू करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जाएगी



### हम बदलेंगे मप्र की तस्वीर

हमारे कोरोना नियंत्रण के जनभागीदारी माडल की देशभर में सराहना हुई है। आने वाले समय में हमें न केवल कोरोना संक्रमण को रोकना है, बल्कि आत्मनिर्भर मध्य प्रदेश के सपने को पूरा करना है। प्रदेश की तस्वीर मैं या तुम नहीं, हम मिलकर बदलेंगे। मंत्रिमंडल की अगली अनौपचारिक बैठक छह माह बाद होगी।

– शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

## आर्थिक प्रगति के लिए सरकार का रोडमैप

### आमदनी : वैकल्पिक स्रोत व्यवस्था की जाएगी

कोरोना से आर्थिक स्थिति प्रभावित हुई है। आय के अन्य स्रोत और वैकल्पिक व्यवस्था कर कमी पूरी की जाएगी। राजस्व संग्रहण विभागों में बेहतर वसूली सुनिश्चित की जाएगी। सुझाव देने के लिए मंत्री समूह गठित किया जाएगा, जो जून अंत तक रिपोर्ट देगा।

### शिक्षा : सीएम राइज स्कूल की स्थापना की जाएगी

शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने सीएम राइज स्कूल स्थापित किए जाएंगे। इनमें नई शिक्षा नीति के प्रविधानों को लागू करते हुए विद्यार्थियों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जाएगी। शिक्षा के लिए गठित मंत्री समूह कोरोना की स्थिति को देखते हुए शिक्षा व्यवस्था में नवाचार पर विचार करेंगे।

### कोरोना : तीसरी लहर से निपटने के उपाय

तीन-चार माह में तीसरी लहर की आशंका है। इसमें बच्चों के अधिक प्रभावित होने का डर है। इसके लिए बाल रोग विशेषज्ञों की उपलब्धता बढ़ाने, पैरामेडिकल स्टाफ को तैयार करने के साथ टीकाकरण की व्यवस्था की जा रही है। टीकाकरण महाअभियान एक से तीन जुलाई तक चलेगा। टीका लगवाने के लिए मुख्यमंत्री, मंत्री, जिला आपदा प्रबंधन समूह के सदस्य सड़क पर उतरकर अपील करेंगे। नए उप, प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोले जाएंगे।

नई दुनिया
15-6-2021



# प्रदेश में समस्त अनाथ बच्चों को सहारा देगी राज्य सरकार - विधायक काश्यप

15-6-21

## वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त

रतलाम । विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चो के लिए अभिनव योजना लागु करने पर धन्यवाद देते हुए इसे विस्तारित कर मध्यप्रदेश के सभी अनाथ बच्चों के लिए नीती बनाने का आग्रह किया7 यह योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान को सवेदनशील राजनेता के रूप में स्थापित करेगी7 इससे मध्य प्रदेश की अलग छवि भी बनेगी7 श्री चौहान ने इस पर प्रदेश में जल्द ही, सरकार द्वारा ऐसी नीती बनाने हेतु आश्वस्त किया, जिससे सभी अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा,आश्रय और आहार का प्रबंध सुनिश्चित होगा।

श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी में बच्चों की चिंता करते हुए नर्सिंग स्टॉफ को प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए जो ऑक्सीजन वार्ड निर्मित हो रहे है, उनमें माताओं के रहने की व्यवस्था और उनकी संख्या भी निर्धारित की जाए। विधायक श्री काश्यप ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री चौहान से रतलाम के शासकीय मेडिकल कॉलेज में निर्मित 750 बिस्तरों वाला अस्पताल 2 महीनों में आरंभ करने और इसके उद्घाटन हेतु रतलाम आने का निमंत्रण दिया। उनके अनुसार मेडिकल कॉलेज के अस्पताल हेतु उपकरण के ऑर्डर हो चुके है। स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया धीमी चल रही है, उन्होंने इसमें तेजी लाकर सभी कार्य जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया है। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री की वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में सोमवार से शहर के सभी बाज़ार सुबह 6 बजे नाईट कर्फ्यू खत्म होने के बाद खोलने का निर्णय लिया है।


बैठक में विवाह कार्यक्रम के दौरान ढोल तथा बैंड-बाजों का विवाह स्थल में उपयोग की अनुमति देने का निर्णय भी हुआ है। श्री काश्यप ने बताया कि टीकाकरण पश्चात्त सोमवार से सैलाना बस स्टेण्ड की सब्जी निलाम मण्डी भी आरंभ हो जाएगी।

15-6-2021

## निःशुल्क आयुष्मान कार्ड शिविर में कई हितग्राहियों ने लिया लाभ

दबंग रिपोर्टर ■ रतलाम

केन्द्र सरकार ने हर आमजन के स्वास्थ्य लाभ हेतु आयुष्मान कार्ड योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसमें अधिक से अधिक हर आमजन लाभ ले सके इस के लिए नगर की सामाजिक संस्था सैल्युट तिरंगा ने आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए शिविर का आयोजन सैल्युट तिरंगा संस्था के प्रदेश कार्यालय शिवधाम कालोनी पर प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक किया गया।



जिसमें आज नगर के कई हितग्राहियों ने हिस्सा लेकर अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए। सभी को मास्क भी वितरित किए। इस अवसर पर संस्था के प्रदेश अध्यक्ष राकेश चौहान, आयुष्मान कार्ड प्रभारी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष योगेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

दबंग दुनिया

**रिसॉर्ट पॉलिटिक्स** • सरकार का संकल्प- युवाओं के लिए हर महीने पैदा करेंगे एक लाख रोजगार के नए अवसर, कोरोना की तीसरी लहर से निपटने पुख्ता रणनीति बनाएंगे

# मुख्यमंत्री की नसीहत- मंत्री अपने अधिकारों का अहंकार कभी न करें

पॉलिटिकल रिपोर्टर | भोपाल/ सीहोर

राज्य सरकार हर महीने 1 लाख रोजगार के नए अवसर पैदा करेगी, जिससे युवाओं को रोजगार दिया जा सके। इसके लिए एक कार्य योजना तैयार की जाएगी। ये रोजगार सरकारी के अलावा मनी ओरिएंटेड कोर्सेस, पशुपालन, डेयरी विकास, लोहार, गार्डनिंग आदि का प्रशिक्षण देकर सृजित किए जाएंगे। लघु एवं कुटीर उद्योगों के संबंध में भी ट्रेनिंग दी जाएगी। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने यह बात भोपाल से 45 किमी दूर सीहोर के एक निजी रिसॉर्ट में आयोजित अनौपचारिक कैबिनेट की बैठक में कही। उन्होंने मंत्रियों को दो कहानियां सुनाते हुए नसीहत दी कि वे अधिकारों का अहंकार कभी न करें।

सीएम ने कहा कि प्रदेश में 30 हजार से ज्यादा भर्तियां स्कूल शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में की जानी है। इनमें 22 हजार शिक्षकों और 8 हजार से ज्यादा नर्सिंग स्टाफ समेत अन्य भर्तियां होना हैं। कोरोना को रोकने के लिए प्रदेश में प्रतिदिन 75 हजार से ज्यादा टेस्ट किए जाएंगे। प्रयास होगा कि उनकी रिपोर्ट एक ही दिन में आ जाए। अगस्त तक ऑक्सीजन बेड्स की संख्या 14071 से 19130 की जाएगी। चाइल्ड वार्ड में ऑक्सीजन बेड्स 1013 से बढ़ाकर 2247 किए जाएंगे।



## मंत्रियों को दो कहानियां, दो मंत्र

मंत्री अपने कर्तव्यों और जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझें, यह बताने के लिए मुख्यमंत्री ने उन्हें दो कहानियां सुनाईं। कहा- समस्याओं का निराकरण धर्म समझकर करें।

### 1. मिलकर काम करें, समय पर करें

तीन व्यक्ति पत्थर तोड़ रहे थे, उधर से एक साधु निकले और उन्होंने तीनों व्यक्तियों से एक जैसा प्रश्न पूछा- पत्थर क्यों तोड़ रहे हो?
पहला : देख नहीं रहे हो पत्थर तोड़ रहा हूं। पूछ रहे हो जैसे समझ में नहीं आ रहा हो।
दूसरा : मेरी स्थिति दयनीय है। यह काम अपने जीविकोपार्जन के लिए कर रहा हूं।
तीसरा : मेरा सौभाग्य है मुझे पत्थर तोड़ने का मौका मिला। यह मंदिर नवनिर्माण में लगेगा।
नसीहत : सभी मिलकर जनता की सेवा में लग जाएं। कोरोना की तीसरी लहर से लड़ना हम सभी के सामने चुनौती है। जिनके पास जिस काम का दायित्व है, उन्हें तय समय में पूरा करें।

### 2. युधिष्ठिर की तरह सहज बनो

अज्ञातवास के दौरान द्वैत वन में युधिष्ठिर ने नकुल से पानी लाने के लिए कहा। नकुल एक सरोवर में पानी लेने गए। वहां यक्ष ने नकुल से कहा- मेरे प्रश्नों का जवाब दिए बिना सरोवर का पानी पिओगे तो मर जाओगे। नकुल ने बात नहीं मानी और पानी पी लिया। उनकी मृत्यु हो गई। इसके बाद सहदेव, अर्जुन भीम का भी यही हश्र हुआ। युधिष्ठिर वहां पहुंचे तो यक्ष ने उनसे भी प्रश्न किए, जिनका उन्होंने सहजता से जवाब दे दिया। इसके बाद यक्ष ने युधिष्ठिर से कहा कि मैं तुम्हारा पिता धर्म हूं। मैं तुम्हारे भाइयों को जीवित करता हूं।
नसीहत : जनता की समस्याओं का निराकरण धर्म समझकर करें। अधिकार का अहंकार न करें।

### कुछ ऐसा होगा रोजगार का फॉर्मूला

- 64 विभागों की योजनाओं में सहायता दी जाएगी। 40 हजार से ज्यादा युवाओं को काम मिलेगा।
- मनी ओरिएंटेड प्रोग्राम के तहत 15 हजार से ज्यादा युवाओं को दो से तीन महीने की ट्रेनिंग देंगे।
- 3000 से ज्यादा छोटे व मध्यम उद्योगों के रजिस्ट्रेशन होना है। 30 हजार युवाओं को काम मिलेगा।
- मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत 25 हजार से ज्यादा युवाओं को स्वरोजगार के लिए आसान कर्ज दिलवाए जाएंगे।

### ये होंगी सरकारी भर्ती

| | |
|---|---|
| शिक्षक | 22000 |
| विशेषज्ञ चिकित्सक | 904 |
| मेडिकल ऑफिसर्स | 1042 |
| डेंटल मेडिकल ऑफिसर्स | 68 |
| स्टाफ नर्सेस | 1020 |
| पैरामेडिकल स्टाफ | 429 |
| एएनएम | 2913 |
| मेल स्टाफ नर्स | 222 |

ह. [illegible]
15-6-2021

(12)



### कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

# जिले में अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्ति को रहना होगा क्वारेंटाईन

**- जिले में कोरोना नियंत्रण में, अधिकारी अब जन कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस करें - एस ड़ी एम तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से चर्चा करें फीडबैक ले**



## इंदौर ले जाने के दौरान एंबुलेंस में कोरोना संदिग्ध की मौत, लाश को घर की बिल्डिंग के बाहर छोड़ भागा ड्राइवर

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

रतलाम में मानवता को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहां कोरोना संदिग्ध मरीज की इंदौर ले जाते समय मौत हो गई। इसके बाद एंबुलेंस ड्राइवर लाश को मृतक के घर की

## मेडिकल कॉलेज में 38 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज के 550 बेड क्षमता वाले हॉस्पिटल में सोमवार को केवल 38 पेशेंट भर्ती थे और यहां 512 बेड रिक्त हो गए। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि आज कोई पेशेंट डिस्चार्ज नहीं हुआ, वहीं 5 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 22 बेड पर पेशेंट भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 6 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 8 पर पेशेंट भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 2 बेड पर पेशेंट भर्ती है। कुल 38 पेशेंट भर्ती है, जिनमें से 17 कोरोना पॉजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले है। मेडिकल कॉलेज में आज रिक्त बेड 512 रहे। उन्होंने बताया कि आज रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार

# सात दिन में 1651 के आयुष्मान कार्ड बनाए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

आयुष्मान भारत निरामयम योजना में 5 से 15 जून तक 1651 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। सोमवार को 222 कार्ड बनाए गए। इसके लिए वार्ड के कॉमन सर्विस सेंटर पर आयुक्त सोमनाथ झारिया ने वार्ड वार अधिकारी और कर्मचारी तैनात कर दिए हैं। हितग्राहियों से कोई शुल्क नहीं लिया जा रहा है। पात्र हितग्राहियों और उनके परिवार सदस्यों का पंजीयन करने आधार कार्ड व समग्र आईडी दस्तावेज लाना होगा।

भास्कर 15-6

## त समाचार

### ों के दस्तावेज प्रस्तुत करने तिम तिथि बढ़ाई

सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों से के आधार पर स्थाई पर्ची जारी करने के हितग्राही जिनको अस्थाई पात्रता पर्ची थाई पात्रता पर्ची के लिए पात्रता श्रेणी भी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय ने की तिथि 31 जुलाई नियत की गई थी। रते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम यत की गई है।

### रहें मलेरिया से

नवभारत

के आगमन के साथ मच्छर जनित रोग नाएं होने लगी हैं। लोक स्वास्थ्य एवं द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क ई है। मलेरिया परजीवी का संक्रमण मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर दा होता है, अतः घर के आस-पास कहीं एकत्रित न होने दें। हर सप्ताह कूलर, पानी ी कर सफाई करें। ऐसे स्थान जहाँ पानी ी और अनावश्यक बल भराव हो वहाँ तेल डालें। मच्छरदानी लगाकर सोएं। ों पर मच्छरों को रोकने के लिये जाली पड़े पहनें। मलेरिया के लक्षणों में ठंड , पसीना आकर बुखार उतर जाना, रुक-सिर दर्द और उल्टी होना तथा बैचेनी, । होना शामिल है। मलेरिया के लक्षण शासकीय स्वास्थ्य संस्था अथवा आशा खून की जाँच करायें।

16

# दूसरे राज्यों से आने वाले व्यक्ति को 7 दिन का क्वॉरेंटाइन

नवभारत 15-6-21

## निर्देश : एसडीएम, तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से चर्चा करें फीडबैक ले

रतलाम। जिले में कोरोना महामारी नियंत्रण में है। शासकीय अधिकारी अब अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस करें, लोगों को लाभ दिलाएं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत गरीब को उसका राशन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। इसमें गड़बड़ी करने

### ▸ कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी एसडीएम, तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से रैंडमली चर्चा कर फीडबैक लेवें।

यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कोरोना वैक्सीनेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपने अधीनस्थों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें, यह कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी है। इसके लिए अपने क्षेत्र के एसडीएम से संपर्क करें। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीनस्थ



कर्मचारियों का वैक्सीनेशन 1 सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण की दृष्टि से यह सुनिश्चित किया गया है कि रतलाम जिले में अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों को 7 दिन क्वॉरेंटाइन रहना होगा। यदि वह कम अवधि के लिए आता है तो आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट लाएं और ज्यादा अवधि के लिए आता है तो 7 दिन क्वॉरेंटाइन रहेगा।

### 10-10 दुकानों का निरीक्षण करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों के द्वारा हितग्राहियों को राशन उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक एसडीएम माह में कम से कम पांच उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करेगा। उनके अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदार 10-10 दुकानों के निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर आने वाले हितग्राही को राशन सामग्री प्रदाय करने के उपरांत इलेक्ट्रॉनिक रिसिप्ट पर्ची अनिवार्य रूप से इन दुकानदार द्वारा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। यदि दुकानदार ऐसा नहीं करता है तो उसके विरुद्ध 5 हजार रुपए का फाइन लगाया जाएगा।

### 38 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज के 550 बेड क्षमता वाले हॉस्पिटल में सोमवार को केवल 38 पेशेंट भर्ती थे और यहाँ 512 बेड रिक्त हो गए। जानकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने दी।

नव-भारत
15-6-2021

## न्यूज गैलरी

### एरियर का नकद भुगतान करने की मांग

रतलाम। म.प्र. लघु वेतन कर्मचारी संघ ने लंबित मांगों के निराकरण को लेकर मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री के नाम कलेक्टर कार्यालय अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। इसमें एक जुलाई 2020 से लंबित वेतन वृद्धि का लाभ देते हुए गत माहों के एरियर की राशि का नकद भुगतान करने, सभी राज्यों के अनुसार 17 प्रतिशत महंगाई भत्ता देने, भृत्य के पद का नाम परिवर्तन करने की मांग की गई। जिलाध्यक्ष दीपक छापी, उपाध्यक्ष मुकेश वर्मा, जिला सचिव राधेश्याम मालाकार, तहसील अध्यक्ष शांतिलाल चौहान आदि उपस्थित थे।

### अस्थायी पात्रता पर्ची दस्तावेज के लिए तारीख बढ़ाई

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत अस्थायी पात्रता पर्ची वाले हितग्राहियों को स्थायी पात्रता पर्ची के लिए दस्तावेज उपलब्ध कराने की तारीख 31 जुलाई नियत की गई थी। इसे बढ़ाकर 31 अगस्त कर दिया गया है।

### 1651 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए

रतलाम। आयुष्मान भारत 'निरामयम' योजना अंतर्गत शहर के पात्र हितग्राहियों के निशुल्क आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। 15 जून तक वार्डों के कामन सर्विस सेंटरों पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशन में वार्ड वार नियुक्त अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। अब तक 1651 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके है। सोमवार को 222 हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

### जेसीबी से निकाली नाले की गाद

रतलाम। शहर में वर्षाकाल के पहले नगर निगम द्वारा नाले-नालियों की सफाई का कार्य किया जा रहा है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा गीता मंदिर के सामने, टीआईटी रोड, भक्तन की बावड़ी, करमदी नाका, हरमाला रोड ताज स्टोन के पास, लक्कड़पीठा, तक्षशिला, त्रिवेणी मुक्तिधाम के पास व शक्तिनगर वाले नाले की सफाई का कार्य स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देशन में जेसीबी मशीन, ट्रैक्टर-ट्राली व गैंग के माध्यम से किया गया। सफाई उपरांत नालों व नालियों में कैरोसिन व ब्लीचिंग कीटनाशक दवा का छिड़काव किया गया।

### गंदगी फैलाने पर 13 लोगों से वसूला जुर्माना

रतलाम। खुले में गंदगी करने व कचरा पात्र नहीं रखने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्पाट फाइन दल द्वारा सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों में 13 दुकानदार व नागरिकों पर जुर्माना किया गया। भावना शर्मा साक्षी पेट्रोल पंप के पास पर 500 रुपये, मुस्तबीर त्रिपोलिया गेट पर 200 रुपये, प्रकाश जैन, विजयसिंह घास बाजार, पूनमचंद, विक्रम चांदनी चौक, गुड्डूबाई, निकिता कसारा बाजार, विष्णु बैरागी बाल चिकित्सालय के पास, गीताबाई, कचरू, समीर त्रिपोलिया गेट, संगीताबाई अमृत सागर तालाब पर 100-100 रुपये का स्पाट फाइन कर भविष्य में गंदगी नहीं करने की समझाइश दी गई।

### खुले में गंदगी करने और डस्टबिन नहीं रखने पर 13 लोगों पर जुर्माना लगाया

भास्कर संवाददाता | रतलाम

खुले में कचरा डालने और डस्टबिन नहीं रखने वाले 13 व्यक्तियों पर सोमवार को नगर निगम के दल ने कार्रवाई करके जुर्माना वसूला। इसमें भावना शर्मा साक्षी पेट्रोल पंप के पास पर 500 रुपए, मुसब्बिर त्रिपोलिया गेट पर 200 रुपए, प्रकाश जैन, विजय सिंह घास बाजार, पूनमचंद, विक्रम चांदनी चौक, गुड्डूबाई, निकिता कसारा बाजार, विष्णु बैरागी बाल चिकित्सालय के पास, गीताबाई, कचरू, समीर त्रिपोलिया गेट, संगीताबाई अमृत सागर तालाब पर 100 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

कार्रवाई के लिए आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्पॉट फाइन दल बना रखा है। नागरिक गंदगी करने वालों की जानकारी दल के मनोज टांक (7000848456), पवन झांझोट (7000128812), आकाश शिंदे (9424075393) को दे सकते हैं।

**स्वास्थ्य सुविधा** • कोरोना की दूसरी लहर में काम हुआ लेट, मशीनों और फर्नीचर के लिए भोपाल से आज आ सकती है टीम

# रतलाम मेडिकल कॉलेज में अब सिर्फ ओपीडी नहीं दो महीने में पूरा अस्पताल होगा शुरू, 5 जिले के मरीजों को होगा फायदा

विकल्प मेहता | रतलाम


स्वास्थ्य के क्षेत्र से अच्छी खबर आई है। रतलाम मेडिकल कॉलेज में 750 बेड वाला सामान्य अस्पताल दो महीने में शुरू हो जाएगा। मंगलवार को भोपाल से मशीनों और फर्नीचर के लिए टीम आ रही है।

मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस की पढ़ाई शुरू हुए 3 साल हो चुके हैं, लेकिन सामान्य अस्पताल शुरू नहीं हो सका है। कोरोना संक्रमण के चलते कोविड अस्पताल जरूर शुरू किया है। यहां अभी भी 38 संक्रमित मरीज भर्ती हैं। इस साल फरवरी-मार्च में ही यहां सामान्य ओपीडी शुरू करना थी लेकिन कोरोना की दूसरी लहर आ जाने से काम अटक गया।

कॉलेज में नर्सिंग स्टाफ की कमी दूर होने वाली है। ऐसे में मेडिकल कॉलेज में सामान्य अस्पताल शुरू करने की तैयारी शुरू हो गई है। भवन तैयार है, बेड लग चुके हैं। फर्नीचर बनाने और मशीनों के इंस्टॉलेशन में दो माह लग सकते हैं।

## सबसे बड़ी समस्या नर्सिंग स्टाफ, दो महीने में मिल जाएगा

कॉलेज के अस्पताल के लिए सबसे बड़ी समस्या नर्सिंग स्टाफ की थी। जो अब दो महीने में मिल जाएगा। इसके लिए महिला स्टाफ नर्स की 390 पदों पर भर्ती हुई है। इसमें सीधी भर्ती से 309 और संविदा से 81 नर्स शामिल हैं। मार्च से इसकी प्रक्रिया चल रही है, दो महीने में स्टाफ कॉलेज को मिल जाएगा। इसी के साथ कॉलेज में पैरामेडिकल स्टाफ की समस्या का भी समाधान हो जाएगा।



मेडिकल कॉलेज के अस्पताल की बिल्डिंग में कोविड अस्पताल बना हुआ है। हालांकि, अभी परिसर सूना है क्योंकि यहां अब 35 मरीज ही बचे हैं।

## एक्स-रे मशीन शुरू, सीटी स्कैन मशीन का इंतजार

मशीनों का इंस्टॉलेशन अभी बाकी है, लेकिन कॉलेज में ज्यादातर मशीनें आ चुकी हैं। कोरोना काल में एक्स-रे मशीन का उपयोग शुरू भी हो गया है, वहीं, सीटी स्कैन, सोनोग्राफी सहित अन्य मशीनें लगना बाकी हैं।

## दूसरी लहर के ठीक पहले शुरू होना थी ओपीडी

- रतलाम मेडिकल कॉलेज संभाग का पहला सरकारी मेडिकल कॉलेज है। ऐसे में यहां तैयारियां भी इस मान से की जा रही है। कॉलेज मल्टी स्पेशियलिटी व इसके बाद सुपर स्पेशियलिटी के लिए तैयार होगा।
- ओपीडी शुरू होने के दो से तीन महीने के बाद अस्पताल भी शुरू करने की तैयारी थी, लेकिन कोरोना की दूसरी लहर आ गई।
- कोरोना की दूसरी लहर में रतलाम के साथ ही मंदसौर, नीमच, उज्जैन, धार, झाबुआ के मरीज कॉलेज में भर्ती हुए। अस्पताल की शुरुआत होने के बाद इन जिलों के मरीजों को सीधा फायदा होगा।
- दूसरी लहर के ठीक पहले अस्पताल का काम बाकी था इसलिए मेडिकल कॉलेज में ओपीडी की शुरुआत होना थी।
- मार्च माह में तय हो गया था कि कॉलेज में मेडिसिन के साथ ही स्किन, नेत्र रोग, नाक कान व गला के मरीज देखे जाएंगे। दवाइयों का इंतजार हो रहा था।

**750 बेड वाला अस्पताल होगा**

| | |
|---|---|
| 750 | बेड का मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल बनना है |
| 550 | बेड का अभी कोविड अस्पताल बना हुआ है |
| 10 | से ज्यादा मॉड्यूलर ओटी रहेगी कॉलेज में |
| 140 | से ज्यादा डॉक्टर अपनी सेवाएं देते हैं |
| 390 | स्टाफ नर्स भी कॉलेज को मिलेगी |
| 02 | महीने में शुरुआत करने की तैयारी |

### अस्पताल का काम जल्द पूरा होगा

*कॉलेज के अस्पताल को दो महीने में शुरू करने की तैयारी है। इसके लिए सभी जुट गए हैं। अस्पताल का काम जल्द पूरा हो जाएगा।*

**डॉ. जितेंद्र गुप्ता**, डीन, मेडिकल कॉलेज

### जल्द शुरुआत के लिए प्रयासरत हैं

*अस्पताल जल्द शुरू हो, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। कोरोना का प्रभाव पड़ा है। सीएम चौहान से भी अस्पताल के शुभारंभ के लिए अनुरोध किया है।*

**चेतन्य काश्यप**, शहर विधायक

दै. भास्कर
18-6-2021

(5)

### शहर में 11 किमी सड़क जर्जर, मानसून के पहले चूरी तक नहीं डाली


# उखड़ी सड़कों पर चलने शहर हुआ मजबूर

पत्रिका
ग्राउंड रिपोर्ट

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** शहर में करीब 11 किमी सड़कों पर इस बार मानसून के पहले नगर निगम चूरी डालना भूल गई। इस कार्य को परिषद होती है तो निर्वाचित पार्षद वार्डों में करवाते है। अब परिषद नहीं है तो सिटी फोरलेन व स्वच्छता को प्राथमिकता देने वाले अधिकारी प्रमुख सड़क व कॉलोनियों की जर्जर सड़क के रखरखाव को करना भूल गए है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिन में मानसून मेहरबान हो सकता है। कृषक भी तैयारी जोरों पर कर रहे हैं, लेकिन आमजन को बारिश के दिनों में मुख्य सड़क हो या कॉलोनियों की सड़क इन पर चलने में परेशानी आएगी। सीवरेज कार्य हो या रखरखाव का अभाव, ऐसे में बड़े से लेकर छोटे गड्ढे आमजन की समस्या का कारण बनेंगे। 15-6-21



## पांच हजार की आबादी है यहां

शहर के इंद्रलोक नगर में आने जाने के लिए मुख्य मार्ग सहित आसपास की कॉलोनियों को मिलाया जाए तो करीब 5 हजार से अधिक की आबादी है। अकेले इंद्रलोक नगर में ही करीब दो हजार लोग रहते है। यहां की मुख्य सड़क हो या गलियां, अब तक रखरखाव का इंतजार कर रही है। ऐसे में इस क्षेत्र के रहवासी परेशान हो गए है। यहां के रहवासियों ने कुछ दिन पूर्व नगर निगम को इस मामले में ज्ञापन भी दिया था, लेकिन अब तक सुनवाई का इंतजार है।

## यहां परेशान हो रहे वृद्ध

शहर की रिटायर्ड कॉलोनी में इन उखड़ी हुई सड़कों से सबसे अधिक वृद्ध परेशान है। यहां पर तीन वर्षों से सड़क का रखरखाव नहीं हुआ है। ऐसे में जब जब बारिश आती है उखड़ी हुई सड़क पर पैदल चलना ही परेशानी वाला साबित होता है। सुबह जब मार्निंग वॉक के लिए वृद्ध निकलते है तो उखड़ी हुई सड़क पर तेज गति से दौड़ते वाहन परेशानी का कारण बनते है। करीब तीन माह से हर माह इस क्षेत्र के वृद्ध निगम को मानसून पूर्व सड़क के रखरखाव के लिए पत्र लिख रहे है, लेकिन सुनवाई नहीं हो रही है। पत्रिका



### हर क्षेत्र में है परेशानी

शहर में किसी भी क्षेत्र में चले जाए, जर्जर सड़क को लेकर परेशानी है। रमजान के दौरान भी नगर निगम सड़क नहीं सुधार पाया था। अगर एक सप्ताह में चूरी नहीं डाली गई तो कांग्रेस इसके लिए आंदोलन करेगी।

**- अशरफ बेलिम,** प्रदेश सचिव, कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ

### जल्दी शुरू करेंगे

नगर निगम को अपने कर्तव्य याद है। शहर में जहां जहां सड़क खराब है, वहां पर मानसून के आते ही चूरी डालने का कार्य हो जाएगा। इसके लिए तैयारी शुरू हो गई है। **- जीके जायसवाल,** सिटी इंजीनियर, नगर निगम

पत्रिका 15-6-2021

(10)

मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या अब कम होती जा रही है। सोमवार को कॉलेज में सिर्फ 38 मरीज ही बचे थे। कॉलेज में 512 बेड खाली हैं। डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया मेडिकल कॉलेज में कुल 550 बेड हैं। सोमवार को 5 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 22 बेड पर मरीज, एचडीयू में 172 में से 6 बेड पर, ऑक्सीजन के 180 में से 8 बेड, नॉन ऑक्सीजन के 142 में से 2 बेड पर मरीज भर्ती हैं। कॉलेज में कुल 38 मरीज भर्ती हैं। इनमें 17 कोरोना पॉजिटिव हैं।

दै. भास्कर
15-6-2021

– वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री ने किया आश्वस्त

# प्रदेश में समस्त अनाथ बच्चों को सहारा देगी राज्य सरकार : विधायक काश्यप

रतलाम। विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि रविवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान को कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चो के लिए अभिनव योजना लागू करने पर धन्यवाद देते हुए इसे विस्तारित कर मध्यप्रदेश के सभी अनाथ बच्चों के लिए नीती बनाने का आग्रह किया। यह योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान को संवेदनशील राजनेता के रूप में स्थापित करेगी।

इससे मध्य प्रदेश की अलग छवि भी बनेगीः श्री चौहान ने इस पर प्रदेश में जल्द ही सरकार द्वारा ऐसी नीती बनाने हेतु आश्वस्त किया, जिससे सभी अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा, आश्रय और आहार का प्रबंध सुनिश्चित होगा। श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी में बच्चों की चिंता करते हुए नर्सिंग स्टॉफ को प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए जो ऑक्सीजन वार्ड निर्मित हो रहे है, उनमें माताओं के रहने की व्यवस्था और उनकी संख्या भी निर्धारित की जाए। विधायक श्री काश्यप ने वीडियो कांफ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री चौहान से रतलाम के शासकीय मेडिकल कॉलेज में निर्मित 750 बिस्तरों वाला अस्पताल 2 महीनों में आरंभ करने और इसके उद्घाटन हेतु रतलाम आने का निमंत्रण दिया। उनके अनुसार मेडिकल कॉलेज के अस्पताल हेतु उपकरण के ऑर्डर हो चुके है। स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया धीमी चल रही है, उन्होंने इसमें तेजी लाकर सभी कार्य जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया है। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री की वीडियो कांफ्रेंसिंग के बाद जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में सोमवार से शहर के सभी बाजार सुबह 6 बजे नाईट कर्फ्यु खत्म होने के बाद खोलने का निर्णय लिया है। बैठक में विवाह कार्यक्रम के दौरान ढोल तथा बैंड-बाजों का विवाह स्थल में उपयोग की अनुमति देने का निर्णय भी हुआ है। श्री काश्यप ने बताया कि टीकाकरण पश्चात सोमवार से सैलाना बस स्टेण्ड की सब्जी निलाम मण्डी भी आरंभ हो जाएगी।

इन्दौर समाचार
15-6-2021

मंगलवार | 15 जून 2021 | वर्ष 61 | अंक 119



मंत्रियों के साथ वन-टू-वन हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान

# राजस्व बढ़ाने हुआ मंथन

नवभारत 15-6-21

भोपाल, 14 जून- मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि ढाई माह के लाकडाउन के कारण राजस्व पर असर पड़ा है लेकिन हम अपनी जनकल्याण की

**प्रदेश के लिए बने नए प्लान**

**कर्मचारियों के लिए प्रमोशन पर बनी रणनीति**

योजनाएं बंद नहीं कर सकते. विकास हमारी प्रतिबद्धता है. अतिरिक्त संसाधनों से धन का, रेवेन्यू वृद्धि का काम कैसे किया जा सकता है? इसको लेकर आईडिया लिए जाएंगे और व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का काम करना है.

चौहान ने कहा कि' आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश 'के रोडमैप को लागू करना है. कोरोना के परिप्रेक्ष्य में मंत्री समूह की सिफारिशों का क्रियान्वयन करना है. वन ग्राम के रहवासियों को राजस्व ग्रामों जैसी सुविधाएं मुहैया कराने, वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने, लघु वनोपज के संग्रहण में जनजातीय समुदायों की प्रमुख भूमिका निर्धारित करने और शासकीय सेवकों को पदोन्नति देने के संबंध में रास्ता निकालने जैसे मुद्दों पर भी उन्होंने चर्चा की. मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने पिछले साल जिस तरह से हर माह समीक्षा करके राजस्व अर्जित किया था, कुछ उसी तर्ज पर काम करने की जरूरत है ताकि विभागों के लिए तय किए गए रोडमैप को प्रभावित किए बिना योजनाओं को पूरा किया जा सके. मंत्रियों के साथ सीएम की मंथन बैठक मे विकास के रोड मैप कई आवश्यक सुझाव आए और आर्थिक व्यवस्था जुटाने के साथ उसके प्रभावी क्रियान्वयन

( शेष पृष्ठ 8 पर )

## एक जुलाई से वैक्सीनेशन का महाअभियान

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना महामारी पर नियंत्रण पाने के लिए आज फिर व्यापक टीकाकरण (वैक्सीनेशन) पर जोर देते हुए कहा कि एक जुलाई से तीन दिनों तक वैक्सीनेशन का महाअभियान चलाया जाएगा. उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर लोगों का टीकाकरण करने के लिए यह महाअभियान विशेष रूप से चलाया जाएगा. एक से तीन जुलाई तक चलने वाले इस महाअभियान को सफल बनाने के लिए आपदा प्रबंधन समितियां पंचायत स्तर तक और अधिक सक्रिय रहें.

## अनाथों के लिए जारी की गई अभिनव योजना सराहनीय- काश्यप

रतलाम ● विधायक चेतन्य काश्यप ने बताया कि रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान को कोरोनाकाल में अनाथ हुए बच्चों के लिए अभिनव योजना लागू करने पर धन्यवाद देते हुए इसे विस्तारित कर मध्यप्रदेश के सभी अनाथ बच्चों के लिए नीति बनाने का आग्रह किया। यह योजना मुख्यमंत्री श्री चौहान को संवेदनशील राजनेता के रूप में स्थापित करेगी, जिससे सभी अनाथ बच्चों के लिए शिक्षा,आश्रय और आहार का प्रबंध सुनिश्चित होगा। श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री के समक्ष कोरोना की तीसरी लहर की तैयारी में बच्चों की चिंता करते हुए नर्सिंग स्टॉफ को प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए जो ऑक्सीजन वार्ड निर्मित हो रहे है, उनमें माताओं के रहने की व्यवस्था और उनकी संख्या भी निर्धारित की जाए। विधायक श्री काश्यप ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में मुख्यमंत्री श्री चौहान से रतलाम के शासकीय मेडिकल कॉलेज में निर्मित 750 बिस्तरों वाला अस्पताल 2 महीनों में आरंभ करने और इसके उद्घाटन हेतु रतलाम आने का निमंत्रण दिया। उनके अनुसार मेडिकल कॉलेज के अस्पताल हेतु उपकरण के ऑर्डर हो चुके है। स्टाफ की भर्ती प्रक्रिया धीमी चल रही है, उन्होंने इसमें तेजी लाकर सभी कार्य जल्द पूर्ण करने का आग्रह किया है। विधायक श्री काश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद जिला संकट प्रबंधन समूह की बैठक में सोमवार से शहर के सभी बाजार सुबह 6 बजे नाईट कर्फ्यू खत्म होने के बाद खोलने का निर्णय लिया है।

नवभारत
15-6-2021

## संक्षिप्त समाचार

### अस्थाई पात्रता पर्ची के दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि बढ़ाई

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों से पात्रता संबंधी घोषणा पत्र के आधार पर स्थाई पर्ची जारी करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे हितग्राही जिनको अस्थाई पात्रता पर्ची जारी की गई है, उन्हें स्थाई पात्रता पर्ची के लिए पात्रता श्रेणी संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराने की तिथि 31 जुलाई नियत की गई थी। इस समयावधि में वृद्धि करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021 नियत की गई है।

### सतर्क रहें मलेरिया से

रतलाम। वर्षा ऋतु के आगमन के साथ मच्छर जनित रोग मलेरिया की भी संभावनाएँ होने लगी हैं। लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी कर लोगों से सतर्क रहने की अपील की गई है। मलेरिया परजीवी का संक्रमण संक्रमित मादा एनाफिली मच्छर के काटने से फैलता है। यह मच्छर रुके हुए साफ पानी में पैदा होता है, अतः घर के आस-पास कहीं भी खुले स्थान पर पानी एकत्रित न होने दें। हर सप्ताह कूलर, पानी की टंकी आदि को खाली कर सफाई करें। ऐसे स्थान जहाँ पानी की निकासी संभव न हो और अनावश्यक जल भराव हो वहाँ केरोसिन या जला हुआ तेल डालें। मच्छरदानी लगाकर सोएं। खिड़कियों और दरवाजों पर मच्छरों को रोकने के लिये जाली लगायें। पूरी बाँह के कपड़े पहनें। मलेरिया के लक्षणों में ठंड लगकर तेज बुखार आना, पसीना आकर बुखार उतर जाना, रुक-रुक कर बुखार आना, सिर दर्द और उल्टी होना तथा बैचेनी, कमजोरी, सुस्ती महसूस होना शामिल है। मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पर तत्काल शासकीय स्वास्थ्य संस्था अथवा आशा कार्यकर्ता से संपर्क कर खून की जाँच करायें।

# दूसरे राज्यों से आने वाले व्यक्ति को 7 दिन का क्वॉ

## निर्देश : एसडीएम, तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से चर्चा क

रतलाम। जिले में कोरोना महामारी नियंत्रण में है। शासकीय अधिकारी अब अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस करें, लोगों को लाभ दिलाएं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत गरीब को उसका राशन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। इसमें गड़बड़ी करने

### ▸ कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी एसडीएम, तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से रैंडमली चर्चा कर फीडबैक लेवें।

यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कोरोना वैक्सीनेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपने अधीनस्थों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें, यह कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी है। इसके लिए अपने क्षेत्र के एसडीएम से संपर्क करें। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीनस्थ



कर्मचारियों का वैक्सीनेशन 1 सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण की दृष्टि से यह सुनिश्चित किया गया है कि रतलाम जिले में अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों को 7 दिन क्वॉरेंटाइन रहना होगा। यदि वह कम अवधि के लिए आता है तो आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट लाएं और ज्यादा अवधि के लिए आता है तो 7 दिन क्वॉरेंटाइन रहेगा।

### 10-10 दुका... के...

कलेक्टर ने ... हितग्राहियों को ... समीक्षा करते हुए ... एसडीएम माह में ... दुकानों का निरी... जनपद पंचायत के ... तथा तहसीलदार ... करेंगे। कलेक्टर ... दुकानों पर आने ... सामग्री प्रदाय क... रिसिप्ट पर्ची औ... द्वारा उपलब्ध ... दुकानदार ऐसा न... हजार रुपए का ...

### 38 पेशेंट उपचाररत

रतलाम। शासकीय मेडिकल कॉलेज के 550 बेड क्षमता वाले हॉस्पिटल में सोमवार को केवल 38 पेशेंट भर्ती थे और यहाँ 512 बेड रिक्त हो गए। जानकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने दी।

आत्मनिर्भर मप्र के रोडमेप को आगे बढ़ाने सीहोर में सीएम ने की 'ब्रेन स्टॉर्मिंग'

# लॉकडाउन में राजस्व घटा, इसे बढ़ाने मंत्री दें आइडिया : शिवराज

## सीएम ने कहा- बंद नहीं कर सकते हैं जन कल्याण की योजनाएं

पीपुल्स ब्यूरो • भोपाल
मो.नं. 9425174141

कोरोना संक्रमण की रफ्तार धीमी होते ही सरकार ने एकबार फिर आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के रोडमैप पर काम करना शुरू कर दिया है। इसके लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को सीहोर में मंत्रियों के साथ 'ब्रेन स्टॉर्मिंग' बैठक की। यहां उन्होंने राजस्व बढ़ाने, कर्मचारियों को प्रमोशन और निकाय चुनाव की तैयारी जैसे बड़े लक्ष्य रखे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई माह के लॉकडाउन के कारण राजस्व पर असर पड़ा है, लेकिन हम अपनी जन कल्याण की योजनाएं बंद नहीं कर सकते। राजस्व बढ़ाने के लिए अब मंत्रियों को आइडिया देने हैं। जैसे कि राज्य और राज्य के बाहर खाली पड़ी सार्वजनिक संपत्तियों का सुप्रबंधन किया जाए। उदाहरण के तौर पर सीहोर में शुगर मिल की तीन से चार हजार एकड़ जमीन रिक्त पड़ी है, उसका उपयोग कैसे किया जा सकता है। डबरा में ऐसी ही रिक्त भूमि होने की जानकारी है। पिछले साल ऐसे मामलों के लिए लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग बना है। अब ऐसी संपत्तियों का ठीक से उपयोग करने को लेकर सुझाव देना है।



### इन प्रमुख बिंदुओं पर जोर

- वन ग्राम के रहवासियों को राजस्व ग्रामों जैसी सुविधाएं मुहैया हों।
- वन ग्रामों को राजस्व ग्रामों में परिवर्तित करने, लघु वनोपज के संग्रहण में जनजातीय समुदायों की प्रमुख भूमिका रहे।
- जनजातीय ग्रामों में स्थानीय देवस्थान एवं परंपराओं का सुदृढ़ीकरण।
- शासकीय सेवकों को पदोन्नति देने के संबंध में शीघ्र निर्णय हो।
- कोरोना मामले में नागरिकों को और जागरूक बनाने के लिए सूचना प्रौद्योगिकी और मीडिया का प्रभावी प्रयोग हो।
- अन्य पिछड़ा वर्गों को 27% आरक्षण दिलाने के संबंध में आ रही समस्याओं का निराकरण हो।

15-6-21

### तीसरी लहर की तैयारी, टीकाकरण भी बढ़ेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कोरोना संक्रमण रोकने में हम देश में मॉडल बने हैं। अब वैक्सीनेशन को जन अभियान बनाकर मॉडल बनना है। मंत्री आइडिया तय करें कि वे कैसे इसे जन अभियान बना सकते हैं। पदयात्रा करके या गाड़ी में बैठकर भी इस अभियान को गति देने के लिए गांव व शहरों में विजिट की जा सकती है। एक जुलाई से 3 दिनों तक वैक्सीनेशन का महाअभियान चलाया जाएगा। ग्रामीण स्तर पर टीकाकरण महाअभियान विशेष रूप से चलाया जाएगा।

### आय के वैकल्पिक स्त्रोतों के लिए मंत्री समूह

मुख्यमंत्री ने कहा कि आय के अन्य स्रोतों को चिन्हित करने और वैकल्पिक व्यवस्थाओं पर प्राप्त सुझावों को एकत्र कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए मंत्री समूह गठित किया जाएगा। मंत्री समूह जून अंत तक अपनी रिपोर्ट देगा।

### एक माह में एक लाख युवाओं को रोजगार

प्रदेश में एक माह में एक लाख युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। इसके तहत केवल शासकीय नौकरियों में ही नहीं बल्कि युवाओं को निजी क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

### 6 महीने में अनौपचारिक बैठकें आगे भी जारी रहेंगी

मुख्यमंत्री ने कहा कहा कि मंत्रिमंडल की पिछली बैठक 5 जनवरी को कोलार डैम पर हुई थी, जिसमें यह तय हुआ था कि हर 6 महीने में इस प्रकार की अनौपचारिक बैठक होंगी, परंतु कोरोना के कारण यह संभव नहीं हो पाया। आगे सिलसिला जारी रहेगा।

---

## प्रतिष्ठान अपनी सुविधा अनुसार खुल सकेंगे

15-6

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने धारा 144 के तहत संशोधित आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि सभी सार्वजनिक एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठान रविवार जनता कर्फ्यू को छोड़कर शेष दिनों में प्रातःकाल अपनी सुविधानुसार खोले जा सकेंगे, किंतु प्रतिष्ठान बंद करने का समय पूर्व अनुसार शाम 6 बजे तक की ही अनुमति रहेगी।

# 14 दिन में 147 नए पाजिटिव और पांच मौत

## कोरोना पर काबू ● 682 मरीजों को स्वस्थ होने पर किया डिस्चार्ज, सक्रिय मरीज 206

15-6-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में बेकाबू कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर काफी हद तक काबू में आ गई है। इससे नए संक्रमितों की संख्या में लगातार कमी आ रही है और स्वस्थ होने वालों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। अप्रैल-मई की तुलना में मौत के आंकड़े में भी काफी कमी आई है। इससे शासन-प्रशासन के साथ जिलेवासी राहत महसूस कर रहे हैं।

कोरोना की रोकथाम के लिए जिले में लगातार सख्ती बरती जा रही है। अनलाक में लापरवाही बरतने वालों पर लगातार चालानी कार्रवाई की जा रही है। जून के 14वें दिन सोमवार को केवल तीन नए पाजिटिव केस सामने आए। मौत एक भी नहीं हुई। 17 मरीजों को स्वस्थ होने पर डिस्चार्ज किया गया। जून के 14 दिनों में कुल 147 नए पाजिटिव केस सामने आए हैं, वहीं 682 मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दी गई है। मौत पांच हुई हैं।

**मेडिकल कालेज में 512 बेड खाली**

शासकीय मेडिकल कालेज हास्पिटल से सोमवार को एक भी मरीज डिस्चार्ज नहीं हुआ। डीन डा. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि पांच नए मरीजों को भर्ती किया गया। मेडिकल कालेज हास्पिटल में कुल बिस्तरों की संख्या 550 हैं। आइसीयू बेड 56 में से 22 पर पेशेंट हैं। एचडीयू में 172 बेड में छह पर पेशेंट हैं। आक्सीजन बेड 180 में आठ पर पेशेंट हैं। नान आक्सीजन बेड 142 में से दो पर पेशेंट भर्ती हैं। कुल 38 पेशेंट हास्पिटल में भर्ती हैं। इनमें 17 पाजिटिव तथा शेष सस्पेक्टेड या आक्सीजन लेवल वाले हैं। हास्पिटल में रिक्त बेड 512 हैं। रेमडेसिविर की स्थिति अनुसार अब तक टोटल रिसीव्ड 7580, डिस्ट्रीब्यूटेड 1557, कन्ज्यूमड 5950, करंट स्टाक 73 है।



रतलाम के लायंस हाल में टीका लगवाते हुए युवा। ● नईदुनिया

### अन्य राज्यों से आने वालों को सात दिन क्वारंटाइन रहना होगा

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि जिले में अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों को सात दिन क्वारंटाइन रहना होगा। यदि वह कम अवधि के लिए आता है तो आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट लाए।

**शहर के छह केंद्रों पर होगा टीकाकरण**

शहर में टीकाकरण प्रोत्साहन पहल के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति को साथ लाकर टीकाकरण कराने पर 18 से 44 वर्ष आयु समूह के व्यक्ति का टीकाकरण बगैर प्री-बुकिंग के किया जा सकेगा।

प्रभारी सीएमएचओ डा. जीआर गौड़ ने बताया कि शहर में रामकला सभागृह लक्ष्मण पुरा, शांति निकेतन टाटा नगर, मानस भवन मोती नगर, गुरुनानक सिंधु भवन सिरियाखेड़ी रोड, सरस्वती शिशु मंदिर काटजू नगर, राजपूत बोर्डिंग शास्त्री नगर पर टीकाकरण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त पुराना कलेक्टोरेट पर को-वैक्सीन का का दूसरा डोज लगाया जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में 15 जून टीकाकरण नहीं होगा। समस्त शासकीय विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों/संविदाकर्मी के लिए विशेष कैंप डीआरएम आफिस पर रखा गया है। परिचय पत्र दिखाकर शासकीय कर्मचारी टीका लगवा सकेंगे।

**जिले में कोरोना की अब तक की स्थिति**

| | |
|---|---|
| 17449 | 16933 |
| पाजिटिव | स्वस्थ हुए |
| 310 | 206 |
| मौत | सक्रिय मरीज |

# कोरोना नियंत्रण में, अब योजनाओं पर काम करें

नई दुनिया



15-6-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। कोरोना नियंत्रण में आने के बाद शासकीय अधिकारी अब अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस करें, लोगों को लाभ दिलाएं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत गरीब को उसका राशन अनिवार्य रूप से मिले। इसमें गड़बड़ी करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी एसडीएम, तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से रैंडमली चर्चा कर फीडबैक लें। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने सोमवार को समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत मीनाक्षीसिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

**प्रशासन**

- कलेक्टर ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश
- अधिकारी अपने अधीनस्थों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें

कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक एसडीएम माह में कम से कम पांच उचित मूल्य दुकानों का व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदार 10-10 दुकानों का निरीक्षण करेंगे। हितग्राही को इलेक्ट्रानिक रिसिप्ट पर्ची अनिवार्य रूप से दी जाए। यदि दुकानदार ऐसा नहीं करता है तो उस पर 5 हजार रुपये का जुर्माना किया जाएगा। कोरोना वैक्सीनेशन की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपने अधीनस्थों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीनस्थ कर्मचारियों का वैक्सीनेशन एक सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

नई दुनिया 15 6 2021

## सोमवार को शहर में एक भी पॉजिटिव नहीं मिला, ग्रामीण क्षेत्रों से तीन नये कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले

रतलाम। जिले में कोरोना का प्रकोप अब कम होता दिखाई दे रहा है। बीते 24 घंटे में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों 3 कोरोना पॉजिटिव मरीज सामने आए है। राहत की खबर यह है कि आज रतलाम शहर में एक भी कोरोना पॉजिटिव मरीज नहीं मिला है। प्रशासनिक बुलेटिन के अनुसार सोमवार को रतलाम जिले के तीन ग्रामीण क्षेत्रों से दो पुरुष और एक महिला कोरोना संक्रमित पाए गए है, वही रतलाम शहर में कोरोना का एक भी नया मरीज नहीं मिला है। इस के बाद उम्मीद जताई जा रही है कि रतलाम जल्द ही कोरोना से मुक्त शहरों की सूची में शामिल हो सकेगा।

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

जिले में कोरोना महामारी नियंत्रण में है। शासकीय अधिकारी अब अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं पर फोकस करें, लोगों को लाभ दिलाएं। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के तहत गरीब को उसका राशन अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराएं। इसमें गड़बड़ी करने वाले के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

सभी एस डी एम, तहसीलदार खाद्य सुरक्षा के हितग्राहियों से रैंडमली चर्चा कर फीडबैक लेवे। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने समय सीमा पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। सीईओ जिला पंचायत श्रीमती मीनाक्षीसिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों के द्वारा हितग्राहियों को राशन उपलब्ध कराने की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि प्रत्येक एस डी एम माह में कम से कम पांच उचित मूल्य दुकानों का निरीक्षण करेगा। उनके अलावा जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी तथा तहसीलदार 10 -10 दुकानों के निरीक्षण करेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उचित मूल्य दुकानों पर आने वाले हितग्राही को राशन सामग्री प्रदाय करने के उपरांत इलेक्ट्रॉनिक रिसिप्ट पर्ची अनिवार्य रूप से इन दुकानदार द्वारा उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

यदि दुकानदार ऐसा नहीं करता है तो उसके विरुद्ध 5 हजार रुपए का फाइन लगाया जाएगा। कोरोना वैक्सीनेशन की समीक्षा में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि प्रत्येक अधिकारी अपने अधीनस्थों का वैक्सीनेशन सुनिश्चित करें, यह कार्यालय प्रमुख की जिम्मेदारी है। इसके लिए अपने क्षेत्र के एसडीएम से संपर्क करें। जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधीनस्थ कर्मचारियों का वैक्सीनेशन 1 सप्ताह में पूर्ण कराने के निर्देश कलेक्टर द्वारा दिए गए।

कलेक्टर ने बताया कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण की दृष्टि से यह सुनिश्चित किया गया है कि रतलाम जिले में अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों को 7 दिन क्वॉरेंटाइन रहना होगा। यदि वह कम अवधि के लिए आता है तो आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट लाए और ज्यादा अवधि के लिए आता है तो 7 दिन क्वॉरेंटाइन रहेगा।

बिल्डिंग के नीचे छोड़ कर भाग गया। घटना मित्र निवास कॉलोनी क्षेत्र की है। यहां सोमवार सुबह एरोज टॉवर बिल्डिंग में उस समय हड़कंप मच गया, जब बिल्डिंग की सीढ़ियों के पास लोगों ने लाश देखी। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। स्टेशन रोड थाना पुलिस ने बिल्डिंग के लोगों से पूछताछ की तो शव इसी बिल्डिंग के फ्लैट नंबर 103 में रहने वाले व्यक्ति का निकला। मृतक का नाम तन्मुख है। बताया गया कि तन्मुख की तबीयत खराब होने पर उसे रविवार रात इंदौर के अरबिंदो अस्पताल में भर्ती करने के लिए ले जाया जा रहा था। इसी बीच रास्ते में ही एंबुलेंस में उसकी मौत हो गई। इसके बाद एंबुलेंस चालक शव को बिल्डिंग के नीचे छोड़कर भाग गया। बोरवेल व्यवसाय से जुड़े तन्मुख सुंदर साथी के साथ इसी बिल्डिंग में रहता था। मृतक का रूम पार्टनर कोरोना पॉजिटिव है। वह अस्पताल में भर्ती है। आशंका है कि कोरोना की वजह से तन्मुख की मौत हुई है, लेकिन उसकी कोरोना रिपोर्ट आना बाकी है। अब पुलिस निजी एंबुलेंस चालक से पूछताछ कर मामले की जांच में जुटी है।

1557, कन्ज्यूमड 5950, करंट स्टाक 73 रहा।

## अस्थाई पात्रता पर्ची के दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि में वृद्धि

रतलाम। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए गरीब परिवारों की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हितग्राहियों से पात्रता संबंधी घोषणा पत्र के आधार पर स्थायी पर्ची जारी करने के निर्देश दिए गए थे। ऐसे हितग्राही जिनको अस्थायी पात्रता पर्ची जारी की गई है, उन्हें स्थाई पात्रता पर्ची के लिए पात्रता श्रेणी संबंधी दस्तावेज एवं सभी सदस्यों के आधार नंबर स्थानीय निकायों को उपलब्ध कराने की तिथि 31 जुलाई नियत की गई थी। इस समयावधि में वृद्धि करते हुए दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त 2021 नियत की गई है।

15-8-2021

## 942 मवेशियों को गोशाला भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। इसके तहत अब तक 942 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है।

नई दुनिया

15-6-2021

(14)

**ये कैसी छूट:** प्रशासन ने अनलॉक क्या किया बाजार में बेकाबू हो रही भीड़

# हे भगवान...सबको सद्बुद्धि दो

पत्रिका अनलॉक 2.0

## लोग फिर बरतने लग गए हैं लापरवाही

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**रतलाम.** कोरोना संक्रमण के दौर में करीब 2 माह बाद रतलाम पूरी तरह से अनलॉक हुआ है लेकिन इतने दिन की तकलीफ सहन के बाद भी शहर के लोग अपनी जिम्मेदारी नहीं समझ रहे। प्रशासन के द्वारा बाजार को अनलॉक क्या किया गया कि बाजार में लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा है। शहर की ऐसी कोई गली या सड़क नहीं बची जिस पर लोगों की भीड़ नजर ना आ रही हो।

शनिवार की शाम से सोमवार सुबह तक के जनता कर्फ्यू के बाद बाजार जब खुला तो एक बार फिर से हर ओर भीड़ के सिवाय कुछ नजर नहीं आया। बाजार में सामान्य दिनों से अधिक भीड़ वर्तमान समय में नजर आ रही है। सबसे बुरे हालात शहर के मुख्य बाजारों के हैं, जहां पैर रखने तक की जगह नहीं है। अभी हालात काबू में ही आए हैं कि लोग फिर से लापरवाही बरतने में लगे हुए हैं। बाजार में बढ़ती भीड़ को देख ऐसा लग नहीं रहा कि रतलाम में कभी कोरोना का असर रहा होगा।



**रतलाम.** अनलॉक के बाद पूरी तरह खुले बाजार में इस तरह उमड़ रही है भीड़।

15-6-21

## अचानक बिगड़े थे हालात

जिले में पहले दौर में कोरोना की गति धीमी पड़ने के बाद प्रशासन द्वारा बाजार खोला तो इसी तरह के हालात बने थे जिसके चलते संक्रमण बढ़ने लगी और हालात बेकाबू होते नजर आए। स्थिति इतनी बिगड़ गई कि यही की शासन स्तर से सरकार को कलेक्टर और मेडिकल कॉलेज की तत्कालीन डीन की छुट्टी करना पड़ गई। नए कलेक्टर के आने के बाद उनके द्वारा हालात संभाले गए और वर्तमान में इस स्थिति में सुधार हुआ ही है कि फिर से लोग लापरवाही बरतने लग गए हैं।

## अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्ति 7 दिन क्वॉरंटीन

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि कोरोना संक्रमण पर नियंत्रण की दृष्टि से यह सुनिश्चित किया गया है कि रतलाम जिले में अन्य राज्यों से आने वाले व्यक्तियों को 7 दिन क्वॉरंटाइन रहना होगा। यदि वह कम अवधि के लिए आता है तो आरटीपीसीआर नेगेटिव रिपोर्ट लाए और ज्यादा अवधि के लिए आता है तो 7 दिन क्वॉरंटाइन रहेगा।

## 38 मरीज उपचाररत

मेडिकल कॉलेज में सोमवार को 38 मरीज भर्ती थे और यहां 512 बेड रिक्त हो गए। मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. जितेंद्र गुप्ता ने बताया कि इस दिन कोई मरीज डिस्चार्ज नहीं हुआ, वहीं 5 मरीजों को भर्ती किया गया। आईसीयू में 56 में से 22 बेड पर मरीज भर्ती है। एचडीयू में 172 में से 6 बेड पर मरीज भर्ती है। ऑक्सीजन बेड 180 में से 8 पर मरीज भर्ती है। नॉन ऑक्सीजन बेड 142 में से 2 बेड पर मरीज भर्ती है। कुल 38 मरीज भर्ती हैं 17 पाजिटिव है तथा शेष ऑक्सीजन लेवल एवं अन्य समस्याओं वाले हैं।

पत्रिका
15-6-2021

रात्रिकालीन सफाई अभियान

# खुले में कचरा डालने वाले दुकानदारों पर स्पॉट फाइन के दिए निर्देश



रतलाम ● स्वदेश समाचार
नगर को साफ, स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम कुमार पुरुषोतम के निर्देशानुसार नगर निगम द्वारा शहर के व्यावसायिक क्षेत्रों में रात्रिकालीन सफाई करवाई जा रही है जिसका निरीक्षण निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल व स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह द्वारा किया गया।

श्री झारिया ने गत रात्रि माणक चौक, घांस बाजार, सायर चबूतरा रोड, नौलाईपुरा, रानीजी का मंदिर, सैलाना बस स्टैण्ड, पावर हाउस रोड से डी.आर.एम. ऑफिस तक करवाई जा रही रात्रिकालीन सफाई का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी एवं झोन प्रभारियों को निर्देशित किया कि नगर के व्यावसायिक क्षेत्रों में प्रतिदिन रात्रिकालीन सफाई निरंतर जारी रखी जाए, साथ ही सफाई उपरान्त निकलने वाले कचरे को यथा समय उठाया जाए। इसके अलावा निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि व्यावसायिक क्षेत्रों में कई ऐसे दुकानदार हैं जो कि दुकान बंद करने के बाद अपनी दुकानों से निकलने वाले कचरे को सड़कों पर डालकर शहर को गंदा करते हैं। गंदगी करने वाले ऐसे दुकानदरों पर लगाम लगाए जाने हेतु उन पर निगरानी रखी जाकर बड़ी राशि का स्पॉट फाइन किया जाए। निरीक्षण के दौरान सड़कों पर स्वच्छंद विचरण करते मवेशी पाए जाने पर श्री झारिया ने स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह को निर्देशित किया कि मवेशियों को पकड़ने का कार्य रात्रि में भी किया जाए। इस अवसर पर झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, विनय चौहान आदि उपस्थित थे।

स्वदेश 15-6-21

स्वदेश 15-6-2021

